# राजस्थान समसामयिकी मार्च, 2025


**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

राजस्थान की आर्थिक समीक्षा एवं बजट का सार संग्रह;
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।

visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राजस्थान समसामयिकी मार्च, 2025
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 5 March, 2025

■ **कृत्रिम गर्भाधान क्षेत्र में राजस्थान का पहला और तकनीक आधारित प्लांट बस्सी (जयपुर) में स्थापित किया जाएगा; जयपुर डेयरी लैब का निर्माण करेगी—**

राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत कृत्रिम गर्भाधान क्षेत्र में प्रदेश का पहला और नवीनतम तकनीकी आधारित प्लांट बस्सी में स्थापित किया जाएगा। केन्द्र सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से लगने वाले सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब में 10 लाख डोजेज का प्रतिवर्ष उत्पादन होगा। राज्य सरकार की ओर से दुग्ध उत्पादकों को प्रति डोज 72 प्रतिशत अनुदान भी मिलेगा। सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब में 90 प्रतिशत बछड़ी होगी। इससे लाखों दुग्ध उत्पादकों को राहत मिलेगी। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन के अनुसार लैब की स्थापना के लिए पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत की उपस्थित में आरसीडीएफ, आरएलडीबी और एनडीडीबी डेयरी सर्विसेज के बीच सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए।

## Newspaper of 6 March, 2025

■ **देश के पाँच IIT संस्थान जोधपुर, दिल्ली, गुवाहाटी कानपुर और धारवाड़ ने मिलकर देश के पहले 'मानेक शॉ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज एण्ड रिसर्च' की स्थापना की गई—**

देश में राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए इंद्रप्रस्थ सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइआइटी) दिल्ली, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) जोधपुर, आइआइटी गुवाहाटी, आइआइटी कानपुर और आइआइटी धारवाड़ ने हाथ मिलाया है। पाँच संस्थानों ने मिलकर देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेक शॉ के नाम पर मानेक शॉ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज एण्ड रिसर्च की स्थापना की है। मॉनेक शॉ सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्देश्य आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत देश की राष्ट्रीय सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करना और रक्षा प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देना है। यह रक्षा बलों, सुरक्षा एजेंसियों, शिक्षाविदों और अनुसंधान संस्थानों को जोड़ने के लिए एक नोडल एजेंसी के रूप में काम करेगा।

■ **प्रदेश का पहला कृत्रिम गर्भाधान प्लांट बस्सी में स्थापित होगा; सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब में प्रतिवर्ष 10 लाख डोज का उत्पादन होगा, दुग्ध उत्पादकों को 75% अनुदान मिलेगा—**

राजस्थान का पहला कृत्रिम गर्भाधान प्लांट आरसीडीएफ की ओर से बस्सी में स्थापित किया जाएगा। यह प्लांट नई टैक्नॉलाजी पर आधारित होगा। प्लांट भारत सरकार और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के सहयोग से लगाया जाएगा। इस प्लांट में सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब में 10 लाख डोजेज प्रतिवर्ष का उत्पादन होगा। इसके लिए अत्याधुनिक सैक्स सॉर्टेड सीमन लैब भी होगी।

सेक्स सॉर्टेड सीमन लैब में 90 प्रतिशत बछड़ी का उत्पादन होगा। इससे राज्य के लाखों दुग्ध उत्पादकों को सस्ती दर पर सैक्स सॉर्टेड सीमन मिलेगा। प्लांट की घोषणा सरकार ने वर्ष 2025 के बजट में की थी। सरकार की ओर से दुग्ध उत्पादकों को प्रति डोज 75 प्रतिशत अनुदान भी मिलेगा।

## Newspaper of 7 March, 2025

■ **रामजल सेतु लिंक परियोजना (पीकेसी-ईआरसीपी) में राज्य के अब 17 जिले लाभान्वित होंगे। परियोजना पूर्ण होने पर राजस्थान की 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा—**

रामजल सेतु लिंक परियोजना (पीकेसी-ईआरसीपी) में प्रदेश के अब 17 जिले लाभान्वित होंगे। पहले इस परियोजना से 21 जिलों को जोड़ा गया था, लेकिन पिछले दिनों सरकार ने नवगठित कुछ जिलों को समाप्त कर दिया है। परियोजना के पूर्ण होने पर प्रदेश को 40 प्रतिशत आबादी को पेयजल एवं सिंचाई के लिए जल उपलब्ध हो सकेगा। इस लिंक परियोजना में चंबल और इसकी सहायक नदियों कुन्नू, कूल, पार्वती, कालीसिंध और मेज के सरप्लस वर्षा जल को बनास, मोरेल, बाणगंगा, रूपारेल, पार्वती, गंभीर नदी बेसिनों में भेजा जाएगा। इस परियोजना में 522 एमसीएम पुनर्चक्रित जल सहित कुल 4102 मिलियन क्यूबिक मीटर जल उपलब्ध हो सकेगा। इसमें लगभग सवा तीन करोड़ लोगों को सुलभ पेयजल की उपलब्धता के साथ-साथ लगभग ढाई लाख हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी की व्यवस्था हो सकेगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 9 March, 2025

### ■ राजस्थान रोडवेज को विभिन्न श्रेणियों में तीन पुरस्कार मिले–

- 8 मार्च, 2025 को राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम को 'एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग', नई दिल्ली द्वारा विभिन्न तीन श्रेणियों में रनर अप पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।
- राजस्थान रोडवेज को 'नेशनल पब्लिक बस ट्रांसपोर्ट अवॉर्ड श्रेणी' में रोडा सेफ्टी, नॉन ट्रैफिक रिवेन्यू एवं एम्पलाई प्रोडक्टिविटी अवॉर्ड (ग्रामीण) श्रेणी में रनर अप पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

### ■ कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान का शुभारम्भ हुआ–

8 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में बने 'कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान' का शुभारम्भ को किया गया। इसका उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने किया।

उल्लेखनीय है कि देश के विधानमण्डलों में राजस्थान विधानसभा ऐसी पहली विधानसभा है, जहाँ कॉन्स्टीट्यूशन क्लब का निर्माण किया गया है। यह क्लब दिल्ली के कॉन्स्टीट्यूशन क्लब की तर्ज पर बनाया गया है।

## Newspaper of 13 March, 2025

### ■ 12 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में तीन बिल (विधेयक) पारित किए गए। ये निम्न हैं–

– राजस्थान माल और सेवाकार (संशोधन विधेयक)

– भरतपुर विकास प्राधिकरण विधेयक, 2025

– बीकानेर विकास प्राधिकरण विधेयक, 2025

### ■ वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा पर प्रत्युत्तर के दौरान मुख्यमंत्री ने की बड़ी घोषणाएँ कीं–

12 मार्च, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान विधानसभा में वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा के दौरान कई महत्त्वपूर्ण घोषणाएँ कीं।

**प्रमुख घोषणाएँ : एक नजर में–**

- प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में उत्पन्न पेयजल संबंधी समस्या के तत्काल निराकरण के लिए प्रत्येक जिला कलेक्टर को ग्रीष्मकालीन आवश्यकता (Summer Contingency) के अन्तर्गत ₹ 1 करोड़ का United Fund उपलब्ध कराया जाना प्रस्तावित।
- प्रदेश के विकास में प्रवासी राजस्थानियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गुवाहाटी, भुवनेश्वर रांची, पुणे व दिल्ली सहित दुबई, म्यूनिख, रियाद, टोक्यो, सिंगापुर, मेलबर्न, नैरोबी, कम्पाला एवं दोहा में राजस्थान फाउण्डेशन के नए चेप्टर्स शुरू किया जाना प्रस्तावित।
- प्रदेश के नवगठित जिलों–ब्यावर, बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, डीग, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, फलौदी तथा सलूम्बर में जिला खनिज फाण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) की स्थापना की जाएगी।
- **ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन :** वाहनों की जाँच और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक निजी क्षेत्र के सहयोग से 10 ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन बनाए जाएँगे।
- **सीएनजी और पीएनजी पर वैट में कमी :** वैट दर को 10% से घटाकर 7.5% करने की घोषणाएँ, जिससे ईंधन सस्ता होगा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।
- बालोतरा और दौसा–बांदीकुई नगर विकास न्यास की घोषणा।
- राज्य के निवासियों, विशेष रूप से युवाओं को देश की वैभवशाली संस्कृति, विरासत तथा धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक स्थलों से परिचय करवाने हेतु 'भारत एवं राजस्थान पहचान भ्रमण कार्यक्रम' प्रारम्भ किया जाएगा।
- राजस्थान दिवस अब पचांग कलेण्डर के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाया जाएगा। इस वर्ष यह 30 मार्च को ही मनाया जाएगा।
  उल्लेखनीय है कि वर्ष 1949 में नव संवत् चैत्र शुक्ल प्रतिपदा रेवती नक्षत्र इन्द्रयोग के दिन लौहपुरुष सरदार पटेल द्वारा विभिन्न रियासतों को मिलाते हुए 'वृहद् राजस्थान' की स्थापना की गई थी।
  अत: 30 मार्च, 2025 को नव संवत् चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन 'राजस्थान दिवस' मनाया जाएगा।
- आगामी वित्त वर्ष में 10000 स्कूली शिक्षकों, 4000 पटवारियों 1750 वन विभाग कार्मिकों और 10,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की घोषणा।
- **मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना :** प्रथम बार संगठित निजी क्षेत्र में ₹ 50000 तक मासिक वेतन की नौकरी पाने वाले युवाओं को एकमुश्त ₹ 10,000 की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।
- **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप/नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम :** इन कार्यक्रमों में शामिल होने वाले युवाओं को बेरोजगारी भत्ते के स्थान पर ₹ 6,000 प्रतिमाह स्टाइपेंड का विकल्प।
- **सेंटर फॉर एडवांस्ड स्किलिंग एंड करियर काउंसलिंग:** उदयपुर, जयपुर और भरतपुर में ₹ 100-100 करोड़ की लागत से कौशल विकास केन्द्र स्थापित किए जाएँगे।
- **मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान :** शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और जागरूकता के लिए इस अभियान की शुरुआत।
  **उद्देश्य :** प्रदेश में नवीन शिक्षा नीति (NEP) के क्रियान्वयन को गति देने के साथ ही, विद्यालयों में बेहतर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

- **ऑन डिमांड परीक्षा प्रणाली :** वंचित वर्गों, श्रमिकों और मजदूर परिवारों से आने वाले बालक-बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समुचित सुविधा देने के उद्देश्य से 'राजस्थान राज्य मुक्त विद्यालय' के अंतर्गत ऑन डिमांड परीक्षा प्रणाली प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित।
- आदर्श वेद आवासीय विद्यालय, रैवासा-सीकर की तर्ज पर तारातरा मठ, गोमरख धाम-बाड़मेर में भी आदर्श वेद विद्यालय की स्थापना होगी।
- **निष्क्रमणीय पशुपालक आवासीय :** राजसमंद में खोला जाएगा।
- **खेल निदेशालय की स्थापना :** खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को निखारने के लिए राज्य में खेल निदेशालय स्थापित होगा।
- भीलवाड़ा में Multipurpose Sports Complex, श्रीगंगानगर में साईकिल ट्रेक तथा कुम्हेर-डीग व केशोरायपाटन-बूँदी में खेल स्टेडियम का निर्माण होगा।
- **पण्डित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना:** 'गरीबी मुक्त राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने के लिए इस योजना के अन्तर्गत चरणबद्ध रूप से चिह्नित गाँवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जाएगा।
  आगामी वर्ष, प्रथम चरण में 500 गाँवों में योजना शुरू होगी। (₹ 300 करोड़ का प्रावधान)।
- देशी में पशुओं के संरक्षण व संवर्धन के लिए पाली में राज्य का प्रथम Centre of Excellence Indigenous Farm स्थापित किया जाएगा। (राशि : ₹ 10 करोड़)।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की संकल्पना 'कैच द रैन' से प्रेरणा लेकर 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान के अन्तर्गत CSR के माध्यम से 5 हजार जल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण करवाया जाना प्रस्तावित।
- मोखला पारेवर-जैसलमेर व बुचारा मेन-जयपुर में नवीन कन्जर्वेशन रिजर्व, भरतपुर में बायोलॉजिकल पार्क की स्थापना एवं जैविक उद्यान, नाहरगढ़-जयपुर में संवर्द्धन कार्य करवाए जाएँगे।
- राज्य पक्षी गोडावण के बेहतर संरक्षण के लिए राष्ट्रीय मरु उद्यान-जैसलमेर में 2 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न कार्य।
- महिला सुरक्षा की दृष्टि से आगामी वर्ष, 250 और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट्स के गठन की भी घोषणा।
- विभिन्न विभागों में कार्यरत मंत्रालायिक कार्मिकों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के साथ ही, उनकी कार्य दक्षता में वृद्धि किए जाने की दृष्टि से कार्मिक विभाग के अध्यधीन 'मंत्रालिक निदेशालय' की स्थापना।
- निम्नलिखित 25 नवीन नगर पालिकाओं का गठन किया जाएगा। पीसांगन (अजमेर), जसोल (बालोतरा), समदड़ी (बालोतरा), रायपुर (ब्यावर), बीगोद (भीलवाड़ा), बनेड़ा (धौलपुर), खाटू खुर्द (डीडवाना-कुचामन), अरनोद (प्रतापगढ़), डग (झालावाड़), मंड्रेला (झुंझुनूँ), बुहाणा (झुंझुनूँ), मलसीसर (झुंझुनूँ), कालाडेरा (जयपुर), कानोता (जयपुर), खेजरोली (जयपुर), मथानियाँ (जोधपुर), सूरौठ (करौली), रियांबड़ी (नागौर), पलसाना (सीकर), मंडार (सिरोही)।
- **नगर निकायों का क्रमोन्नयन :** जैतारण (ब्यावर), छबड़ा (बारां), निम्बाहेड़ा (चित्तौड़गढ़), रावतसर (हनुमानगढ़)।
- **एमएलए एलएडी (MLA LAD) :** किसी भी गैर-राजकीय संस्था को सहायतार्थ दी जाने वाली राशि ₹ 10 लाख से बढ़ाकर ₹ 25 लाख की गई।
- **राज्य प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन सलाहकार समिति : उद्देश्य :** राज्य की प्रशासनिक इकाइयों (जिलों, तहसीलों आदि) के पुनर्गठन और नवगठित जिलों के प्रभावी प्रबंधन के लिए सुझाव देना।
  हाल ही में बनाए गए आठ नए जिलों (ब्यावर, बालोतरा, डीडवाना-कुचामन, डीग, खैरथल-तिजारा, कोटपूतली-बहरोड़, फलौदी तथा सलूम्बर के लिए मिनी सचिवालय) बनाने की भी घोषणा की गई।
- लालकोठी-जयपुर में राज्यस्तरीय कार्यालय हेतु 'ऑफिस कॉम्पलैक्स' की स्थापना हेतु ₹ 450 करोड़ व्यय होंगे।

**Newspaper of 17 March, 2025**

## ■ रावतभाटा में 700 मेगावाट क्षमता की पहली इकाई से बिजली उत्पादन शुरू हुआ–

16 मार्च, 2025 को रावतभाटा में 700 मेगावाट की परमाणु बिजलीघर की सातवीं इकाई में पहली बार उत्पादन शुरू हुआ। यह प्रदेश की पहली एवं देश की 25वीं इकाई है। राजस्थान की यह पहली 700 मेगावाट क्षमता की इकाई है। इस इकाई से 50% बिजली राजस्थान को मिलेगी। रावतभाटा न्यूक्लियर एनर्जी की क्षमता 80% बढ़ गई है। पहले 1080 मेगावाट का उत्पादन हो रहा है। अब 1780 मेगावाट का उत्पादन होगा। यह देश की पहली परमाणु बिजलीघर इकाई है, जहाँ यहीं से फ्यूल मिल रहा है और बिजली भी यहीं बन रही है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

■ **उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन हुआ–**

16 मार्च, 2025 को उदयपुर के पूर्व राजपरिवार के सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ का निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे और लंबे समय से अस्वस्थ थे। उन्होंने सिटी पैलेस के शंभू निवास पैलेस में अंतिम सांस ली। अरविंद सिंह को उदयपुर को डेस्टिनेशन वेडिंग सिटी बनाने, होटल इंडस्ट्री की परिकल्पना को साकार करने, कला-साहित्य, संस्कृति, विरासत व परंपराओं के संरक्षण, संवर्धन व रणजी खिलाड़ी के रूप में जाना जाता है। वह विंटेज कारों व लाइटवेट एयरक्राफ्ट उड़ाने के शौकीन थे।

**Newspaper of 18 March, 2025**

■ **हाल ही में जयपुर स्थित चिड़ियाघर में मादा शुतुरमुर्ग अवन्तिका के अंडो से चूजे का जन्म हुआ है। अंडो से निकला चूजा पूरी तरह से स्वस्थ है। यह राज्य में कैप्टिव ब्रिडिंग का पहला मामला है।**
**उल्लेखनीय है कि शुतुरमुर्ग अवंतिका ने 13 जनवरी को ग्यारह अंडे दिए थे। जिनमें से एक अंडे से चूजा बाहर निकला है।**

**Newspaper of 20 March, 2025**

■ **राजस्थान विधानसभा में राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियमन) विधेयक 2025 पेश किया–**

19 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा में उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा ने राजस्थान कोचिंग सेंटर (नियंत्रण एवं विनियन) विधेयक, 2025 पेश किया इससे कोचिंग संस्थानों की मनमर्जी पर रोक लगेगी और छात्रों की आत्महत्या जैसे प्रकरण रोकने के लिए नियम तय होंगे।

नए बिल के तहत प्रदेश में कोचिंग सेंटर्स प्राधिकरण का गठन होगा। इसमें अध्यक्ष उच्च शिक्षा के प्रभारी सचिव होंगे। स्कूल, तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा के प्रभारी सचिव, डीजीपी या उनके द्वारा नामित, आयुक्त कॉलेज शिक्षा, निदेशक स्थानीय निकाय पदेन सदस्य होंगे। इनके अलावा प्रमुख सचिव चिकित्सा, वित्त सचिव, कोचिंग सेंटर्स के दो प्रतिनिधि, अभिभावक सोसायटी के दो प्रतिनिधि भी सदस्य रहेंगे। उच्च शिक्षा के संयुक्त सचिव इसके पदेन सदस्य सचिव होंगे। गैर सरकारी सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष होगा।

कानून बनने के बाद मौजूदा कोचिंग सेंटर को 3 माह में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। नए कोचिंग सेंटर रजिस्ट्रेशन के बाद शुरू हो सकेंगे। इसके लिए जिला कमेटी को नियत फीस के साथ आवेदन करना होगा। एक कोचिंग की अनेक शाखाओं को अलग कोचिंग सेंटर माना जाएगा। आवेदन के तीन माह में जिला समिति निर्णय करेगी।

- कोई सेंटर कम अहर्ता वाले शिक्षक नहीं रख सकेगा।
- कोचिंग अच्छे अंक का लालच, भ्रामक वादे नहीं करेंगे।
- सजायाफ्ता व्यक्ति शिक्षक नहीं बन सकेगा।
- वेबसाइट पर फीस सहित संपूर्ण जानकारी जरूरी होगी।
- बिल में कोचिंग सेंटर की क्लास का क्षेत्र, सिक्योरिटी, अग्निशमन यंत्र, पेयजल, सीसीटीवी सहित अन्य प्रावधानों का भी जिक्र किया गया है।

**बच्चों पर दबाव बनाने की मनाही, 5 घंटे से ज्यादा कोचिंग क्लास नहीं चलेगी–**कोचिंग सेंटर्स को आवश्यकता अनुरूप विद्यार्थियों को अतिरिक्त मनोवैज्ञानिक, तय समय में कोर्स जैसी सहायता उपलब्ध करानी होगी। विद्यार्थियों पर किसी तरह का अतिरिक्त दबाव नहीं देना। ट्यूटर्स का भी साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित करना। त्योहारों पर परिवार से जुड़ने के लिए अवकाश सुनिश्चित करना। 5 घंटे से अधिक कोई भी विद्यार्थी कोचिंग क्लास का हिस्सा नहीं बनेगा। मानसिक स्वास्थ्य के लिए काउंसलिंग सेशन जरूरी होंगे।

**ये होंगी प्राधिकरण की शक्तियाँ–**

- समन देकर बुलाने का अधिकार होगा।
- जरूरत वाले जिलों में 24 घंटे काम करने वाला कॉल सेंटर स्थापित करेगा।
- जिला समिति गठित करेगा, समितियों की बैठक बुला सकेगा।
- सेंटर का निरीक्षण, डॉक्यूमेंट जाँच एवं आवश्यक एक्शन लेने का अधिकार होगा।

■ **महिपाल और सुमन को सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर अवॉर्ड–**

19 मार्च, 2025 को राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन (आरसीए) एडहॉक कमेटी ने राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राजस्थान के खिलाड़ियों को आरसीए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवॉर्ड 'अभियान' व सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर अवार्ड के लिए खिलाड़ियों के नाम घोषित किये गए। साथ ही पूर्व खेल प्रशासक और वरिष्ठ खेल पत्रकार को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देने की घोषणा की।

**इन्हें मिला सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अवॉर्ड–**

**हनुमंत सिंह अवार्ड–**सीनियर वर्ग (पुरुष-महिला), महिपाल लोमरोर और सुमन मीणा। **सलीम दुर्रानी अवार्ड–**अंडर 23 आयु वर्ग (पुरुष-महिला), मोहित चांगरा, उषा परेरिया। **किशन रूंगटा अवार्ड–**अंडर 19 आयु वर्ग (पुरुष-महिला), जतिन सैनी, मैना सियोल। **लक्ष्मण सिंह अवार्ड–**अंडर 16 आयु पुरुष वर्ग व अंडर 15 आयु महिला आयु वर्ग। यथार्थ भारद्वाज-धृति माथुर। **सर्वश्रेष्ठ इमर्जिंग प्लेयर**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

**अवॉर्ड**–पुरुष व महिला–कार्तिक शर्मा, आयुषी गर्ग। **लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार**–कमल मोरास्का, अशोक ओहरी, राजेन्द्र राठौर, राकेश अग्रवाल (मरणोपरांत)।

## Newspaper of 21 March, 2025

### ■ राजस्थान विधानसभा में राजस्थान के विश्वविद्यालयों की विधियाँ (संशोधन) विधेयक 2025 पारित हुआ–

20 मार्च, 2025 को राजस्थान विधानसभा ने विश्वविद्यालयों की विधियाँ (संशोधन) विधेयक 2025 को पारित कर दिया।

**विधेयक के मुख्य बिंदु निम्न हैं–**

- राज्य के 33 सरकारी विश्वविद्यालयों में कुलपति को अब 'कुलगुरु' और प्रतिकुलपति को 'प्रतिकुलगुरु' के रूप में जाना जाएगा।
- यह परिवर्तन केवल हिंदी भाषा में लागू होगा। अंग्रेजी में पदनाम पहले की तरह ही रहेंगे।

## Newspaper of 24 March, 2025

### ■ जैसलमेर के ब्रीडिंग सेंटर में जन्मा गोडावण का चूजा–

हाल ही में जैसलमेर जिले के ब्रीडिंग सेंटर में ग्रेट इंडियन बस्टर्ड यानी गोडावण के एक और चूजे का जन्म हुआ। गत 21 मार्च को राष्ट्रीय संरक्षण प्रजनन कार्यक्रम के तहत मिली इस सफलता से वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह है। गौरतलब है कि इससे पहले 9 मार्च को भी इसी सेंटर में एक चूजे का जन्म हुआ था। जैसलमेर के सुदासरी (सम) और रामदेवरा स्थित दोनों ब्रीडिंग सेंटरों में अब कुल 46 गोडावण हो गए है। गौरतलब है कि वर्तमान में देशभर के जंगलों में मात्र 150 से भी कम गोडावण बचे है, जिससे यह बाघों से भी अधिक दुर्लभ प्रजाति बन चुकी है। पाँच साल की मादा गोडावण 'अमन' ने 26 फरवरी को एक अंडा दिया था। कृत्रिम रूप से सेने के बाद 21 मार्च को चूजे का जन्म हुआ, जिसे अब विशेष देखभाल में रखा गया है। गोडावण एक बड़ा पक्षी है, जिसकी लंबाई 1 मीटर और वजन 15 किलो तक होता है। यह राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के शुष्क घास के मैदानों में पाया जाता है।

## Newspaper of 25 March, 2025

### ■ 75 साल बाद राजस्थान स्थापना दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाया जाएगा–

इस साल राजस्थान स्थापना दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) को मनाया जाएगा। इससे पहले 25 मार्च से 1 अप्रैल तक हर दिन विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम के आयोजन किए जाएंगे। यह घोषणा 24 मार्च, 2025 को विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने की। गौरतलब है कि वर्ष 1949 में सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कई रियासतों को मिलाते हुए नव संवत् चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन 'वृहद् राजस्थान' की स्थापना की थी। राजस्थान दिवस समारोह के कार्यक्रम निम्न प्रकार होंगे–

- 25 मार्च को मरूधरा बाड़मेर में 'महिला सम्मेलन' से होगी।
- 26 को 'किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम' बीकानेर में।
- 27 को 'गरीब एवं अन्त्योदय' का कार्यक्रम भरतपुर में
- 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' का आयोजन भीलवाड़ा में
- 29 मार्च को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन कोटा में
- 30 मार्च (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) और 31 मार्च को राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' का आयोजन जयपुर में।

### ■ जयपुर एयरपोर्ट को डिजिटल पहल के लिए राष्ट्रीय सम्मान मिला–

जयपुर एयरपोर्ट को परिचालन दक्षता बढ़ाने और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिजिटल और ऑटोमेटेड प्रोजेक्ट्स के लिए तीन पुरुस्कारों से सम्मानित किया गया। एयरपोर्ट को ये पुरस्कार सीआइआई के राष्ट्रीय प्रतियोगिता के 10वें संस्करण में दिए गए। जयपुर एयरपोर्ट को विमान नेविगेशन सुरक्षा के लिए स्मार्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए सर्वोच्च प्लेटिनम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वही अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए वाई-फाई डिस्पेंसिंग कियोस्क के लिए स्वर्ण पुरस्कार और एयरपोर्ट के माहौल को बेहतर बनाने के लिए मोबाइल आधारित सुगंध प्रणाली के लिए कांस्य पुरस्कार मिला।

### ■ राजस्थान हाईकोर्ट को वकील कोर्ट से चार नए जज मिले; अब हाईकोर्ट में जजों की संख्या 34 में बढ़कर 38 हुई।

26 मार्च, 2025 को केन्द्र सरकार के विधि व न्याय विभाग ने अधिसूचना जारी कर राजस्थान हाईकोर्ट में वकील कोटे से चार नए जजों की नियुक्ति की है। इनमें आनंद शर्मा जयपुर से हैं, जबकि सुनील बेनीवाल, मुकेश राजपुरोहित व संदीप शाह जोधपुर से हैं। नए जजों की शपथ जल्द ही हाईकोर्ट की मुख्य पीठ में होगी। चार नए जजों की नियुक्ति के बाद हाईकोर्ट की मुख्यपीठ में होगी। चार नए जजों की नियुक्ति के बाद हाईकोर्ट में जजों की कुल संख्या 34 से बढ़कर 38 हो जाएगी। 12 पद खाली रहेंगे।

## Newspaper of 28 March, 2025

### ■ 150 यूनिट फ्री बिजली के लिए सोलर पैनल लगाना ही होगा, नया फॉर्मूला जारी–

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

राज्य सरकार ने प्रदेश के घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 150 यूनिट फ्री बिजली देने का फॉर्मूला जारी कर दिया है। इसके तहत हर उपभोक्ता को 1.1 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल का भुगतान बतौर सब्सिडी सरकार करेगी। इससे हर माह डेढ़ सौ यूनिट तक बिजली उत्पादन होगा, जो उपभोक्ताओं को फ्री मिलेगी। इसके लिए वित्तीय प्रबंधन सरकार करेगी।

**इस तरह मिलेगा लाभ–**

- 1.1 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल की कीमत करीब 50 हजार रुपए आंकी गई है। केन्द्र सरकार से सब्सिडी के रूप में 33000 रुपए मिलेंगे और बाकी 17 हजार रुपए राज्य सरकार वहन करेगी। इसके लिए राज्य सरकार डिस्कॉम के जरिए लोन लेकर पैसा चुकाएगी।
- इससे ज्यादा क्षमता का रूफटॉप सोलर लगाएंगें, तब भी राज्य सरकार अधिकतम 17 हजार रुपए ही वहन करेगी। बाकी सब्सिडी राशि केन्द्र सरकार स्तर पर निर्धारित रूप से मिलेगी।

■ **27 मार्च, 2025 को राज्य सरकार ने पूर्व सरकार में ग्राम पंचायत से नगरपालिका बनी 12 पंचायतों को 3 साल बाद फिर ग्राम पंचायत में बदल दिया। इनमें सेमारी व सराडा चावंड (सलूंबर), रामदेवरा (जैसलमेर), रानीवाड़ा (जालोर), जावाल (सिरोही), पोंख (झुंझुनूँ), ऋषभदेव (उदयपुर), घाटोल (बाँसवाड़ा), रायपुर (भीलवाड़ा), रैणी (अलवर), खिरनी (स. माधोपुर) व लालगढ़ जाटान (श्रीगंगानगर) में शामिल हैं। स्वायत्त शासन विभाग ने आदेश जारी किया।**

■ **खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में राजस्थान पदक तालिका में चतुर्थ स्थान पर रहा–**

20-27 मार्च, 2025 को खेलों इंडिया पैरा गेम्स का दूसरा संस्करण दिल्ली में आयोजित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में राजस्थान कुल 61 पदकों के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा। इसमें राज्य के खिलाड़ियों ने 22 स्वर्ण, 16 रजत और 23 कांस्य पदक जीते।

**पैरा शूटिंग में राजस्थान चैपिंयन ऑफ चैम्पियंस–**

- खेलों इंडिया पैरा गेम्स की निशानेबाजी (राइफल और पिस्टल) स्पर्द्धा में राजस्थान ने 9 पदक जीत कर चैम्पियन ऑफ चैम्पियंस का खिताब जीता।
- इस स्पर्द्धा में राजस्थान ने 4 स्वर्ण, 2 रजत और 3 कांस्य पदक जीते।

**Newspaper of 29 March, 2025**

■ **जयपुर, जोधपुर, कोटा मे अब 2 की जगह 1-1 नगर निगम होंगे; अब राजस्थान में 13 के स्थान पर 10 नगर निगम–**

28 मार्च, 2025 को स्वायत्त शासन विभाग ने जयपुर, जोधपुर, कोटा में 2-2 नगर-निगमों को खत्म करने की अधिसूचना जारी कर दी। इन शहरों में अब 1-1 नगर निगम ही होंगे। हालांकि, नए निकाय चुनाव होने तक 2-2 मेयर और पार्षद काम करते रहेंगे। चुनाव के बाद एक-एक मेयर होंगे। इसका साथ ही प्रदेश में कुल निगम 13 से घटकर 10 रह जाएंगे। पिछली सरकार ने 18 अक्टूबर 2019 को तीनों शहरों में एक से विस्तार करके 2-2 नगर निगम बनाए थे। अब जयपुर में 150, जोधपुर और कोटा में 100-100 वार्ड होंगे।

**Newspaper of 30 March, 2025**

■ **मुख्यमंत्री ने युवा सम्मेलन में प्रदेश की युवा एवं कौशल नीति जारी की–**

29 मार्च, 2025 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कोटा में आयोजित रोजगार उत्सव एवं युवा सम्मेलन में प्रदेश की युवा एवं कौशल नीति जारी करते हुए 12 योजनाओं की शुरुआत की। समारोह में 7 हजार 800 से अधिक युवाओं को नौकरी के नियुक्ति पत्र भी जारी किए गए।

**इन 12 योजनाओं को किया शुरू–**

1. राजस्थान युवा नीति 2025
2. कौशल नीति
3. रीडिंग तथा रेमेडिएशन कार्यक्रम (डिजिटल ऐप)
4. शिक्षित राजस्थान अभियान
5. विद्यार्थी उपस्थिति ऐप
6. ऑन डिमांड एग्जाम
7. डिजिटल प्रवेश उत्सव
8. बैग एवं यूनिफॉर्म की डीबीटी की शुरुआत
9. अटल ज्ञान केन्द्र
10. मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना
11. द्रोणाचार्य अवार्डियों को भूमि आवंटन के दिशा-निर्देश
12. नई किरण : नशा मुक्ति केन्द्र योजना।

■ **राजस्थान युवा नीति 2025–** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान युवा नीति 2025 लॉन्च की है। राजस्थान की कुल जनसंख्या का 28.7 फीसदी युवा (2.27 करोड़) है। युवाओं में बेरोजगारी, नशे की लत, मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं और औद्योगिक तैयारी की कमी जैसी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। युवाओं को समान अवसर उपलब्ध करवाने, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और समाज के विकास व कल्याण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। राजस्थान कौशल नीति के तहत उद्योगों की बढ़ती मांग के अनुसार स्किल वर्कर उपलब्ध करवाए जाएंगे। आइटीआइ को

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

इंडस्ट्री 4.0 ट्रेंड के लिए उन्नत कौशल केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं, रीडिंग तथा रेमेडिएशन ऐप विद्यार्थी के पढ़े गए शब्दों तथा वाक्यों को रिकॉर्ड करेगा और तत्काल उसका विश्लेषण कर शिक्षक को बताएगा कि विद्यार्थी किन शब्दों का उच्चरण सही नहीं कर पा रहा है। जो विद्यार्थी बोर्ड परीक्षाओं में सफल नहीं हो पाते, इसके लिए 'ऑन डिमांड परीक्षा' इस वर्ष से राजस्थान राज्य ओपन स्कूल की ओर से प्रति माह होगी। अटल ज्ञान केन्द्र नीति के तहत युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण और सार्वजनिक पुस्तकालय के रूप में ई-लाइब्रेरी मिलेगी। मुख्यमंत्री युवा रोजगार प्रोत्साहन योजना के तहत निजी क्षेत्र में रोजगार पाने वाले को 10 हजार रुपए की एकमुश्त सहायता दी जाएगी।

## Newspaper of 31 March, 2025

### ■ राजस्थान दिवस समारोह हर्ष-उल्लास से मनाया गया–

30 मार्च, 2025 (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) 'राजस्थान दिवस' के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में साप्ताहिक महोत्सव का आयोजन 25-31 मार्च, 2025 को किया गया। परम्परागत रूप से 30 मार्च को मनाया जाने वाला यह दिवस इस बार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के साथ जोड़ा गया, जो हिंदू नववर्ष का पहला दिन है।

- समारोह की शुरुआत 25 मार्च, 2025 को बाड़मेर में 'महिला सम्मेलन' से हुई, जिसमें मुख्यमंत्री ने महिलाओं के कई कार्यक्रम/योजनाओं की घोषणाएँ कीं।
- 26 मार्च, 2025 को राजस्थान दिवस कार्यक्रम शृंखला के तहत् किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन (FPO) कार्यक्रम बीकानेर में आयोजित किया गया।
- 27 मार्च, 2025 को अन्त्योदय कल्याण समारोह का आयोजन भरतपुर में किया गया, जिसमें ग्रामीण विकास का नया ई-वर्क पोर्टल 2.0 एवं मोबाइल ऐप, मा नेत्र वाउचर योजना, दिव्यांगजनों हेतु समान अवसर नीति का विमोचन किया गया।
- 28 मार्च, 2025 को भीलवाड़ा में विकास एवं सुशासन उत्सव का आयोजन किया गया इसमें-मुख्यमंत्री ने पत्रकार हैल्थ कवरेज योजना का विमोचन किया। ई-गर्वनेंस अवार्ड प्रदान किए। चिकित्सा ऐप लॉन्च किया, जिससे मरीज घर बैठे अपॉइटमेंट ले सकेंगे।
- 29 मार्च को राजस्थान के कोटा में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव और युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें 'मुख्यमंत्री शिक्षित राजस्थान अभियान' का शुभारम्भ किया गया। 1 जुलाई, 2025 से ऑन डिमांड परीक्षा के शुभारम्भ की घोषणा की। युवाओं के लिए स्किल नीति एवं युवा नीति का विमोचन भी किया।
- चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (30 मार्च) को राजस्थान दिवस उत्साह एवं उमंग से मनाया गया।
- राजस्थान दिवस साप्ताहिक महोत्सव के अंतिम दिन 31 मार्च, 2025 को जयपुर में निवेश उत्सव का आयोजन किया गया।

  इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उद्योग एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान लॉजिस्टिक पॉलिसी, राजस्थान डेटा सेंटर पॉलिसी एवं राजस्थान टेक्सटाइल और अपैरल पॉलिसी का विमोचन किया गया।

  राइजिंग राजस्थान के निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग हेतु मोबाइल ऐप का शुभारम्भ किया गया।
- राजस्थान फाउंडेशन के 14 नए चैप्टर्स की शुरुआत।

### ■ 25वाँ राष्ट्रीय दिव्य कला मेला उदयपुर में आयोजित हुआ–

21 से 30 मार्च, 2025 को 25वाँ राष्ट्रीय दिव्य कला मेला उदयपुर में आयोजित हुआ इसका आयोजक राष्ट्रीय दिव्यांगजन वित्त और विकास निगम, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय रहा। इस मेले का आयोजन राजस्थान में दूसरी बार और उदयपुर में पहली बार किया गया है।

### ■ उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी को 'वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड मिला–

हाल ही में राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए सराहनीय कार्यों के लिए पेसिफिक एशिया ट्रैवल राइटर्स एसोसिएशन ने उप मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीयाकुमारी को 'वीमन टूरिज्म मिनिस्टर ऑफ द ईयर, इंडिया' प्रदान किया है। यह सम्मान आईटीवी बर्लिन, जर्मनी में सेशेल्स के पूर्व पर्यटन मंत्री, डॉ. एलन सेंटएन्ज द्वारा मार्च 2025 में दिया गया।

### ■ राजस्थान पुलिस द्वारा 'सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा' का आयोजन किया गया–

16 मार्च से 31 मार्च, 2025 के दौरान राजस्थान पुलिस द्वारा 'सुरक्षा सखी संवाद पखवाड़ा' का आयोजन किया गया।

इसका उद्देश्य राज्य में महिला और बालिकाओं में स्वयं की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना, उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान करने तथा स्थानीय पुलिस से संवाद स्थापित करना है। यह पखवाड़ा महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करता है और उन्हें हिंसा और उत्पीड़न से बचाने के लिए विभिन्न संसाधनों और सेवाओं तक पहुँचने में मदद करता है।

□□□


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**50 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी


## मनोहर सिंह कोटड़ा के मार्गदर्शन में तैयार पुस्तकें
### ( 41 जिलों एवं 7 संभागों पर आधारित नवीनतम संस्करण )



शीघ्र उपलब्ध

## कैलाश नागौरी की संजीव प्रकाशन द्वारा प्रकाशित पुस्तकें





Join Our Telegram

संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।

प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com